अतिरिक्त संलग्नकः–2.1

# प्रतिवेदन

**प्रयोजना का नाम :– जिला नैनीताल में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत नदगलगॉव को जोड़ने हेतु मोटर मार्ग निर्माण।**

उपरोक्त मार्ग की स्वीकृति शासनादेश सं0 1440/III (2)/11-05 (प्रा0आ0) 2010 दिनांक 28.05.2011 द्वारा 5 किमी0 लम्बाई हेतु 63.08 लाख की प्राप्त हैं उक्त मोटर मार्ग बनने से स्थानीय जनता को यातायात, स्कूल, चिकित्सा, कृषि कारोबार में विशेष सुविधा प्राप्त होगी तथा क्षेत्र का आर्थिक विकास एवं पर्यटन व्यवसाय को भी बल मिलेगा। क्षेत्र के विकास एवं स्थानीय जनता की मॉग के अनुसार उक्त मार्ग की नितान्त आवश्यकता है। क्षेत्रीय जनता द्वारा लम्बे समय से मोटर मार्ग की मॉग की जा रही है। उक्त मार्ग बनने से ग्राम नदगल मुख्य मार्ग से जुड़ जायेंगे। उक्त मोटर मार्ग 5 किमी0 लम्बाई में स्वीकृत है। नदगल गॉवा 2.500 किमी0 लम्बाई में जुड़ जायेगा, इससे आगे के मार्ग के पूरी लम्बाई में वन भूमि पड़ जाने एवं आबादी न जुड़ने के कारण आगे का भाग निरस्त कर दिया गया।

अतः उक्त ग्रामों के विकास एवं सुगम यातायात की सुविधा हेतु मार्ग निर्माण की नितान्त आवश्यकता को देखते हुए 1.33 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित है। प्रस्तावित मार्ग के निर्माण में कम से कम वन भूमि व वृक्ष प्रभावित होते है।

सहायक अभियन्ता<br>
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0<br>
भवाली।

अधिशासी अभियन्ता,<br>
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0,<br>
भवाली।

D:\Lenovo\NEW PWD\Ammen\wan bume 11.doc